# कंचा

---

Question 1.
मास्टर जी किस चीज के बारे में पढ़ा रहे थे?
(a) मशीनों के
(b) हवाई जहाज के
(c) सड़क के
(d) रेलगाड़ी के

▼ Answer

Answer: (d) रेलगाड़ी के

---

Question 2.
अप्पू के दिमाग में क्या घूम रहे थे?
(a) गणित के सवाल
(b) सड़क के किनारे के पेड़
(c) कंचे
(d) ताश के पत्ते

▼ Answer

Answer: (c) कंचे

---

Question 3.
सबसे अच्छा कंचे का खिलाड़ी कौन है?
(a) जार्ज
(b) रामन
(c) अप्पू
(d) अम्म

▼ Answer

Answer: (a) जार्ज

---

Question 4.
"पानी रखने के लिए खास जगह है, इसे अंग्रेजी में बॉयलर कहते हैं। यह लोहे का बड़ा पीपा है।" यह कथन किसका है?
(a) अप्पू
(b) मल्लिका
(c) रामन
(d) मास्टर जी

▼ Answer

Answer: (d) मास्टर जी

---

Question 5.
जब मास्टर जी पढ़ा रहे थे तो अप्पू किस बारे में सोच रहा था?

(a) जार्ज के
(b) कंचे के
(c) रेलगाड़ी के
(d) स्टीम इंजन के

▼ Answer

Answer: (b) कंचे के

---

Question 6.
ड्राइवर का गुस्सा हवा क्यों हो गया?
(a) क्योंकि गलती ड्राइवर की थी
(b) अप्पू ने उसको गुस्सा करने से मना किया
(c) अप्पू के भोलेपन के कारण
(d) अप्पू की गलती नहीं थी

▼ Answer

Answer: (c) अप्पू के भोलेपन के कारण

---

Question 7.
किस छात्र को बुखार हो गया था?
(a) हेमंत को
(b) जार्ज को
(c) रमन को
(d) अर्जुन को

▼ Answer

Answer: (b) जार्ज को

---

Question 8.
अप्पू ने किन पैसों से कंचे खरीदे?
(a) फीस के
(b) पिकनिक के
(c) जो किताब खरीदने के लिए थे
(d) रास्ते में पेड़ मिले पैसों से

▼ Answer

Answer: (a) फीस के

---

Question 9.
वह बालक अप्पू दुकानदार से क्या खरीदता है?
(a) पुस्तक
(b) कंचे
(c) मीठी गोली
(d) पुस्तक

▼ Answer

Answer: (b) कंचे

---

Question 10.
नौ दो ग्यारह होने का क्या अर्थ है?
(a) गणित के प्रश्न हर- करना
(b) भाग जाना
(c) स्कूल न जाना
(d) पढ़ाई में होशियार होना

▼ Answer

Answer: (b) भाग जाना

---

Question 11.
'कंचा' कहानी का नायक किस जानवर की कहानी का आनंद लेना हुआ जा रहा था?
(a) सिंह की
(b) गाय की
(c) सियार की
(d) घोड़े की

▼ Answer

Answer: (c) सियार की

---

Question 12.
'कंचा' कहानी के लेखक कौन हैं?
(a) नागार्जुन
(b) भगवती प्रसाद वाजपेयी
(c) महादेवी वर्मा
(d) टी. पद्मनाभन

▼ Answer

Answer: (d) टी. पद्मनाभन

---

गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न

प्रश्न-निम्नलिखित गद्यांशों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के दिए गए उत्तरों के विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए

1. वह नीम के पेड़ों की घनी छाँव से होता हुआ सियार की कहानी की मज़ा लेता आ रहा था। हिलते-डुलते उसका बस्ता दोनों तरफ़ झूमता-खनकता था। स्लेट कभी छोटी शीशी से टकराती तो कभी पेंसिल से। यों वे सब उस बस्ते के अंदर टकरा रहे थे। मगर वह न कुछ सुन रहा था, न कुछ देख रहा था। उसका पूरा ध्यान कहानी पर केंद्रित था। कैसी मज़ेदार कहानी! कौए और सियार की।

सियार कौए से बोला-"प्यारे कौए, एक गाना गाओ न, तुम्हारा गाना सुनने के लिए तरस रहा हूँ।" कौए ने गाने के लिए मुँह खोला तो रोटी का टुकड़ा ज़मीन पर गिर पड़ा। सियार उसे उठाकर नौ दो ग्यारह हो गया।
वह ज़ोर से हँसा।
बुद्धू कौआ।
वह चलते-चलते दुकान के सामने पहुँचा। वहाँ अलमारी में काँच के बड़े-बड़े जार कतार में रखे थे। उनमें चॉकलेट, पिपरमेंट और बिस्कुट थे। उसकी नज़र उनमें से किसी पर नहीं पड़ी। क्यों देखे? उसके पिता जी उसे ये चीजें बराबर ला देते हैं।

Question 1.
सियार की कहानी का मजा लेते कौन आ रहा था?
(a) जार्ज
(b) रामन
(c) अप्पू
(d) अम्मु

▼ Answer

Answer: (c) अप्पू

---

Question 2.
अप्पू किस कहानी में खोया हुआ जा रहा था?
(a) धोबी और गधे की
(b) कौए और सियार की
(c) सियार आर गधे की
(d) खरगोश व शेर की

▼ Answer

Answer: (b) कौए और सियार की

---

Question 3.
सियार कौए से गाना क्यों सुनना चाहता था?
(a) उसे संगीत से प्रेम था
(b) कौआ मधुर आवाज़ में गाता था
(c) सियार कौए के सुर में सुर मिलाना चाहता था
(d) सियार कौए के मुँह से रोटी का टुकड़ा लेना चाहता था

▼ Answer

Answer: (d) सियार कौए के मुँह से रोटी का टुकड़ा लेना चाहता था

---

Question 4.
अप्पू ने दुकान में क्या देखा?
(a) एक सुंदर-सी गुड़िया
(b) कार्टून की किताब
(c) बड़े-बड़े काँच के जार
(d) बैट और बॉल

▼ Answer

Answer: (c) बड़े-बड़े काँच के जार

---

Question 5.
चॉकलेट, पिपरमैंट और बिस्कुट के जार पर अप्पू की नज़र क्यों नहीं पड़ी?
(a) ये सभी चीजें उसके पिताजी ला दिया करते थे
(b) वे जार सामने से दिखाई नहीं देते थे
(c) वे जार काँच के नहीं थे
(d) दुकानदार ने अप्पू को इन जारों को दिखाया ही नहीं

▼ Answer

Answer: (a) ये सभी चीजें उसके पिताजी ला दिया करते थे

---